Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 11-05-2005

Participants : Ansari Shri Furkan

>

Title: Need to declare Kali Temple at Pathraul in Deoghar, Jharkhand as a tourist centre and provide civic amenities for pilgrims.

श्री फुरकान अंसारी (गोड्डा) : महोदय, झारखण्ड राज्य अंतर्गत पथरौल (मधुपुर) जिला-देवधर स्थित एक अति प्राचीन काली माँ का प्रसिद्ध मंदिर है। वहां प्रतिर्वा पूरे देश खासकर बंगाल, बिहार, उड़ीसा, असम, मध्य प्रदेश से श्रृद्धालु भक्तगण हजारों की संख्या में पहुंचते हैं। श्रृद्धालुओं की संख्या अत्यधिक होने से यहां पेयजल व रहने का भारी कठिनाई है। लगभग 200 साल पुराने इस मंदिर के पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता के लिए विधान सभा व लोक सभा में कई बार सवाल उठाया गया, पर तत्कालीन पर्यटन मंत्री के घोाणा के बाद भी अभी तक इसे पर्यटन स्थल घोि-ात नहीं किया गया है।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहना चाहता हूं कि पथरौल मधुपुर स्थित काली माँ के मंदिर को देश के पर्यटन स्थल के रूप में घोाित करने का निर्णय जल्द से जल्द लिया जाये और भक्तों की कठिनाइयों को देखते हुए यहां तमाम आधुनिक सुविधा मुहैया कराया जाये।